# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

## उच्चतर माध्यमिक

## अध्याय - 23

## परिवेशिय तनाव

## कार्यपत्रक - 23

1. मानव-पर्यावरण की बातचीत पर्यावरण की पूजा से बदलकर केवल प्रकृति के संसाधनों के उपयोग में बदल गई है। मानव-पर्यावरण सम्बंध के क्रम्गत विकास पर एक रिपोर्ट लिखिये।
2. "मानव और प्रकृति हमेशा ही एक दुसरे से परस्पर सम्बन्धित हैं जिसका तात्पर्य कि कोई भी अपने मे पर्यात्प नहीं है।" आपके विचार में दिया गया कथन कितना प्रासंगिक है। उचित कारणों से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।
3. अपने इलाके में मानव-पर्यावरण सम्बंध का निरीक्षण करें। अपने अवलोकन के आधार पर, अपने इलाके में मानव-पर्यावरण संबंध (यानी, प्रकृति के अधीन मानव, प्रकृति पर मानव नियंत्रण या सहजीवी संबंध) के प्रकार की पहचान करें। प्रासंगिक कारणों से अपनी पसंद का समर्थन कीजिए।
4. प्रदूषण मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों के परिणाम स्वरूप पर्यावरण का एक प्रतिकूल परिवर्तन है। प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए। साथ ही, उन प्रमुख स्रोतों की पहचान कीजिए जो आपके परिवेश को प्रदूषित करने के लिए जिम्मेदार हैं। अपने पर्यावरण में प्रदूषण से निपटने के लिए कम से कम दो उपायों का सुझाव दीजिए।
5. ध्वनि प्रदूषण के परिणाम स्वरूप विभिन्न दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ध्वनि प्रदूषण के मानव विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।
6. हम अक्सर सिटी बस में, रेलवे आरक्षण काउंटरों पर, बाजारों में, गाँव के मेलों आदि में भीड़ का सामना करते हैं। अपने व्यक्तिगत अनुभवों पर विचार करें और बताएं कि भीड़ आपके व्यवहार और भावनाओं को कैसे प्रभावित करती है। भीड़भाड़ की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कम से कम तीन उपाय सुझाइए।

7. ओजोन परत का क्षरण पर्यावरणविदों और नीति निर्माताओं की प्रमुख चिंताओं में से एक रहा है। ओजोन परत के क्षरण की वर्तमान स्थिति का अन्वेषण करें और इस पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

8. सतत विकास का अर्थ स्पष्ट कीजिए। अपने इलाके में सतत प्रथाओं की पहचान करें और एक सूची तैयार करें।

9. "प्लेटो अपने शिष्य की दुकान पर गये। शिष्य बहुत प्रसन्न था। उसने शिक्षक से कहा "आप इनमें से चाहें वस्तु ले लिजिए। प्लेटो ने चारों तरफ रखे आकर्षक सामान की तरफ देखा और कहा "यहा ऐसी कोई वस्तु नहीं है जिसकी मुझे आवश्यकता हो।" दिए गए अनुच्छेद के आधार पर आवश्यकताओं और चाहतों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

10. आपको "विश्व पर्यावरण दिवस" के लिए मुख्य वक्ता के रूप में एक स्कूल में आमंत्रित किया जाता है। "मानव-पर्यावरण संबंधों की अन्योन्याश्रयता" पर एक व्यावहारिक भाषण तैयार कीजिए।